जीवन की नैया मेरी डूबेगी ये लगता है भजन लिरिक्स

जीवन की नैया मेरी,
डूबेगी ये लगता है,
पर डूबेगी कैसे भला,
मेरा माझी कन्हैया है,
पर डूबेगी कैसे भला,
मेरा माझी कन्हैया है।bd।

तर्ज – जीता था जिसके लिए।

मजधार में जो ना डूबते तो,
खुद ही सम्भल जाते हम,
खुद ही सम्भल जाते हम,
हारे के साथी तुम हो कन्हैया,
ना जान पाते हम,
ना जान पाते हम,
अब लगता है संसार ये रूठ गया,
जग रूठे तो रूठे भला,
मेरा संसार कन्हैया है,
अब डूबेगी कैसे भला,
मेरा माझी कन्हैया है।bd।

एहसान हम पर जो है तुम्हारे,
ना भूल पाएंगे हम,
ना भूल पाएंगे हम,
हम है भिखारी दर पे तुम्हारे,
तेरे भरोसे है हम,
तेरे भरोसे है हम,
अब तेरी ही दहलीज पे,
निकल जाए दम,
हम जैसे गरीबों का,
ये लखदातार कन्हैया है,
Bhajan Diary Lyrics,
अब डूबेगी कैसे भला,
मेरा माझी कन्हैया है।bd।

जीवन की नैया मेरी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के सीधा आप के मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पर डूबेगी कैसे भला,
मेरा माझी कन्हैया है,
पर डूबेगी कैसे भला,
मेरा माझी कन्हैया है।bd।

Singer – Sagar Vyas

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com